

# अपने लघु व्यवसाय के लिए धन जुटाना

2022-2023

**New York Immigration Coalition**
nyic.org

# विषय-सूची

## I. परिचय


इस मार्गदर्शिका का उपयोग करने का तरीका 1


## II. व्यावसायिक क्रेडिट


व्यावसायिक क्रेडिट को समझना 2

व्यावसायिक क्रेडिट की स्थापना करना 3


## III. वित्तपोषण के विकल्प


स्वतः वित्तपोषण 4

- *दोस्त और परिवारक्र* 5
- *जन-सहयोग* 6
- *जन-सहयोग प्लेटफॉमप* 7

अनुदान 8

ऋण 9

- *ऋण केलिए आवेदन करने केचरणक्रलघु* 10
- *व्यवसाय ऋण आवेदन सामान्यक्रजांच सूची* 11


## IV. संसाधन


न्यूयॉर्क राज्य समुदाय विकास वित्तीय संसाधन 12

## इस मार्गदर्शिका का उपयोग करने का तरीका

किसी लघु व्यवसाय को शुरू करने या बढ़ाने के लिए, आपके व्यवसाय की जरूरतों को पूरा करने में आपकी मदद करने के लिए उपलब्ध वित्तपोषण के विकल्पों को समझना जरूरी है। अप्रवासी स्वामित्व वाले लघु व्यवसायों का परिमाण, न्यूयॉर्क राज्य में स्वरोजगार करने वाले निवासियों का 33.8% था और हमारा लक्ष्य इस समुदाय को अप्रवासी लघु व्यवसाय स्वामियों और उद्यमियों की मदद करने के लिए समर्पित प्रासंगिक सूचना और संसाधनों के साथ जोड़ना है।

यह मार्गदर्शिका, अप्रवासी लघु व्यवसाय स्वामियों के लिए एक ऐसा माध्यम होगा जिसका उपयोग व्यावसायिक क्रेडिट स्थापित करने के परिचय, वित्तपोषण के विकल्पों के अवलोकन, और सामान्य ऋण आवेदन की एक रूपरेखा के रूप में किया जाएगा। वित्तपोषण के लिए आपके द्वारा चुने जाने वाले विकल्पों का प्रभाव, आपकी व्यावसायिक संरचना और वित्तीय भविष्य पर पड़ेगा। यह सोचना जरूरी है कि वित्तपोषण से, आपको अपने व्यावसायिक लक्ष्यों और अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल सकती है।

इस मार्गदर्शिका में लाइसेंस या परमिट जैसी आवश्यकताओं के बारे में नहीं बताया गया है। इस मार्गदर्शिका का उपयोग, व्यवसाय के लिए वित्तपोषण की अवधारणाओं के समान्य अवलोकन के रूप में करना चाहिए। अतिरिक्त संसाधनों के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.nyic.org/immigrant-small-business-guide/ पर हमारी अप्रवासी लघु व्यवसाय मार्गदर्शिका देखें।

## व्यावसायिक क्रेडिट को समझना

अपने व्यवसाय के लिए वित्तपोषण (धन जुटाना) का फैसला करने से पहले, आपको व्यावसायिक क्रेडिट की स्थापना करनी चाहिए। **व्यावसायिक क्रेडिट,** जो काफी हद तक व्यक्तिगत क्रेडिट के समान होता है, ऋणदाताओं को यह जानने में मदद करता है कि आपको उधार देना सुरक्षित है या नहीं। इससे ऋणदाताओं को ऋण योग्यता या उस हद का पता लगाने में मदद मिलती है कि कोई व्यवसाय, किस हद तक वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए अनुकूल है। ऋणदाता इसका पता आपके व्यवसाय के वित्तीय इतिहास और आपकी कर्ज चुकाने की क्षमता को देखकर लगाते हैं।

व्यावसायिक क्रेडिट को व्यवसाय के नाम से खोलना चाहिए। इससे सुनिश्चित होता है कि आपका व्यावसायिक और व्यक्तिगत क्रेडिट अलग हैं। यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि:

- अलग क्रेडिट लाइनें आपके व्यक्तिगत क्रेडिट को उन नकारात्मक प्रभावों से सुरक्षित रखती हैं जो आपके व्यवसाय पर पड़ सकती हैं
- आपका व्यवसाय एक क्रेडिट का निर्माण शुरू कर सकता है और ऋण और वित्तपोषण के अन्य स्रोतों को सुरक्षित करने की आपकी संभावनाओं को बेहतर बना सकता है
- आप करों के लिए व्यावसायिक खर्च को बेहतर ढंग से पहचान कर सकते हैं

## क्रेडिट का इतिहास

क्रेडिट का इतिहास, वित्तपोषण के अवसरों और बीमा दरों को प्रभावित करता है, और यह फैसला करने में संभावित व्यावसायिक साझेदारों, आपूर्तिकर्ताओं, और विक्रेताओं की मदद करता है कि वे आपके व्यवसाय के साथ काम करने के इच्छुक हैं या नहीं। क्रेडिट का इतिहास, साझेदारों और ऋणदाताओं को यह जानने में मदद करता है कि आपका व्यवसाय बढ़ सकता है या नहीं, और वह लाभदायक हो सकता है या नहीं।

ऋणदाता यह पता लगाने के लिए क्रेडिट इतिहास का उपयोग करते हैं कि किसी व्यवसाय को ऋण की मंजूरी देनी चाहिए या नहीं। ऋण के लिए योग्यता का पता लगाते समय, व्यक्तिगत और व्यावसायिक क्रेडिट इतिहास दोनों पर विचार किया जाता है।

Experian, Equifax, और Dun & Bradstreet जैसी क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियां, आपके क्रेडिट का मूल्यांकन करते समय, अक्सर निम्नलिखित **कारकों** का उपयोग करती हैं:

| | | |
|---|---|---|
| व्यवसाय की अवधि | पिछले 9 महीनों में आवेदन की गई क्रेडिट लाइन | पिछले 6 महीनों में खोली गई क्रेडिट लाइन |
| विलंबित भुगतानों की संख्या | उद्योग और कंपनी का आकार | पिछले 12 महीनों का भुगतान इतिहास |

| व्यावसायिक क्रेडिट की स्थापना करने का तरीका | |
|---|---|
| **व्यावसायिक संरचना का चयन करें** | • सभी व्यावसायिक संरचनाएं, किसी एकमात्र स्वामित्व को छोड़कर, आपके व्यवसाय को आपके व्यक्तिगत क्रेडिट से अलग करती हैं<br><br>• आप यहाँ व्यावसायिक संरचनाओं के बारे में और अधिक जान सकते हैं: https://www.nyic.org/immigrant-small-business-guide/ |
| **नियोक्ता पहचान संख्या (EIN) प्राप्त करें** | • EIN (नियोक्ता पहचान संख्या) को संघीय कर पहचान संख्या के नाम से भी जाना जाता है। इसका उपयोग किसी व्यावसायिक संस्था की पहचान करने के लिए किया जाता है। आपके व्यवसाय को EIN की जरूरत इसलिए पड़ती है ताकि आप कर की फाइलिंग कर सकें, व्यावसायिक बैंक खाता खोल सकें, और व्यावसायिक क्रेडिट, परमिट, और लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकें<br>• आप इस IRS टूल का उपयोग करके EIN के लिए आवेदन कर सकते हैं: https://www.irs.gov/ein |
| **व्यावसायिक बैंक खाता खोलें** | अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक खर्चों को अलग करने के लिए एक व्यावसायिक बैंक खाता खोलना जरूरी है। क्रेडिट आवेदनों के लिए, बैंक सिफारिशकर्ता की भूमिका भी निभा सकते हैं |
| **विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं के साथ क्रेडिट की स्थापना करें** | विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं से आपूर्तियाँ, सामग्रियां, या अन्य चीजें खरीदने से आपका क्रेडिट बनाने में मदद मिलती है |


## स्वतः वित्तपोषण

**स्वतः वित्तपोषण, या बूटस्ट्रैपिंग** तब होती है जब आप अपने खुद के संसाधनों की मदद से अपने व्यवसाय को वित्तपोषित करते हैं। नए व्यवसाय स्वामियों के लिए अपने व्यवसाय के लिए पूरी तरह धन जुटाने के लिए नकद संसाधन प्राप्त करना कोई आम बात नहीं है, इसलिए उन्हें शेयर या निवेश, व्यक्तिगत क्रेडिट कार्ड, या ऋण जैसी अन्य परिसंपत्तियों पर विचार करना चाहिए।

स्वतः वित्तपोषण के कारण, व्यवसाय स्वामियों को निर्णय लेने और बिक्री और निवेश से लाभ का 100% संग्रह करने की आजादी मिलती है। यह याद रखना जरूरी है कि स्वतः वित्तपोषण के मामले में व्यवसाय स्वामी को व्यवसाय से संबंधित सभी जोखिमों और जिम्मेदारियों को स्वीकार करना पड़ता है।

स्वतः वित्तपोषण करते समय सुनिश्चित करें कि आपका व्यवसाय जल्द से जल्द लाभदायक हो। साथ ही, आप व्यवसाय में लगाए गए पैसे की पुनः पूर्ति करने में सक्षम हों।

निवेशकों या बैंकों के पास जाने के बजाय, बूटस्ट्रैपर्स अक्सर अपने परिवार और दोस्तों से मदद या जन-सहयोग की मांग करेंगे।



## दोस्त और परिवार

दोस्त और परिवार, लघु व्यवसाय स्वामियों के लिए अक्सर सहायता के प्रथम स्रोत होते हैं क्योंकि आपके साथ उनका व्यक्तिगत सम्बन्ध होता है और उन्हें आपके लक्ष्यों और क्षमताओं पर विश्वास भी होता है।

ऋण के लिए आवेदन और निवेशकों को सुरक्षित करते समय, कुछ व्यवसायों को कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण अक्सर मुख्य संसाधन के रूप में उन्हें दोस्तों और परिवार से ही वित्तीय सहायता मांगनी पड़ती है। वे उपहार, ऋण, या निवेश के माध्यम से आपके व्यवसाय को वित्तीय सहायता प्रदान कर सकते हैं। वे बिना किसी शर्त के पैसे या एक ऐसा ऋण दे सकते हैं जिसे चुकाने की समय-सीमा अधिक लचीली होती है।

अपने व्यवसाय से संबंधित जोखिमों और जिम्मेदारियों के मामले में हमेशा ईमानदार रहें और पैसे उधार लेते समय स्पष्ट शर्तों का निर्वहन करें। दोस्तों और परिवार से सहायता मांगते समय इन महत्वपूर्ण चरणों पर विचार करें:

| | |
|---|---|
| **विशिष्ट बनें** | • किसी विशिष्ट लक्ष्य के लिए विशिष्ट धन राशि की मांग करें |
| **पारदर्शी बनें** | • आपके निवेश क्या हैं?<br>• आपकी प्रतिबद्धताएं क्या हैं?<br>• कौन-कौन से जोखिम शामिल हैं? |
| **लिखित अनुबंध करें जिनमें ऋण शर्तों का उल्लेख हो** | • ब्याज दर सहित ऋण का परिमाण<br>• ऋण का उद्देश्य<br>• पुनर्भुगतान की शर्तें - एकमुश्त या नियमित भुगतान; प्रत्येक पुनर्भुगतान का परिमाण<br>• पुनर्भुगतान की समय-सीमा जिसमें पुनर्भुगतान शुरू होने का समय और एक स्पष्ट पुनर्भुगतान की अंतिम समय-सीमा का उल्लेख हो<br>• भुगतान न करने के परिणाम |

## जन-सहयोग

जन-सहयोग तब होती है जब आप समुदाय से व्यावसायिक परियोजनाओं और खर्चों के लिए धन जुटाते हैं। इसे अक्सर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाता है।

आप अपने लघु व्यवसाय के लिए मुख्यतः दो प्रकार के जन-सहयोग का उपयोग कर सकते हैं:

- दान-आधारित वित्तपोषण - बदले में कुछ हासिल किए बिना अपने व्यवसाय को सहारा देने के लिए लोगों से धन जुटाना। यह कम जोखिम और उच्च-पुरस्कार वाला तरीका, लघु व्यवसायों के लिए एकदम सही है।
- पुरस्कार-आधारित वित्तपोषण - योगदानकर्ताओं को अपने दान के बदले में टोकन, उत्पाद, या सेवाएं प्राप्त होती हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपको अपनी बेकरी के लिए नए चूल्हे का इंतजाम करने की जरूरत है तो आप उन्हें एक बार एक मुफ्त कपकेक के बदले में डिस्काउंट टिकट दे सकते हैं जिसके लिए वे दान कर रहे हैं।

## जन-सहयोग के पक्ष-विपक्ष

जन-सहयोग प्लेटफॉर्म अनेक लाभ प्रदान करते हैं, जैसे ब्रांड सम्बन्धी जागरूकता बढ़ाना, ग्राहक आधार स्थापित करने में मदद करना, और व्यक्तिगत वित्तीय जोखिम को कम करना। आप इस तरह के जन-सहयोग अभियानों वाली कंपनियों के बारे में भी शोध करके पता कर सकते हैं कि वे किस तरह का प्रलोभन देते हैं और वे सफल थे या नहीं।

हालांकि, जन-सहयोग के मामले में मिलने वाली सफलता, संभावित दानकर्ताओं तक पहुँचने की आपकी क्षमता के आधार पर अलग हो सकती है।

जन-सहयोग के लिए Kickstarter, Indiegogo और GoFundMe जैसे प्लेटफॉर्म उत्तम माध्यम हैं। आप किसी उत्पाद या सेवा के बारे में जानकारी पोस्ट कर सकते हैं, एक अनुदान लक्ष्य सेट कर सकते हैं, और एक समय-सीमा का निर्धारण कर सकते हैं। हालांकि, कुछ प्लेटफॉर्म, लक्ष्य पूरा न होने पर अनुदान रिलीज नहीं करते हैं और वहां क्रेडिट और डेबिट कार्ड्स के लिए प्लेटफ़ॉर्म और लेनदेन शुल्क लगते हैं।



# जन-सहयोग: प्लेटफॉर्म

| प्लेटफॉर्म | पक्ष | विपक्ष |
|---|---|---|
| KickStarter<br>www.kickstarter.com | • पुरस्कार आधारित प्लेटफॉर्म जो आपको सहायताकर्मियों को वस्तु और डिस्काउंट जैसे प्रलोभन देने की अनुमति देते हैं<br>• सबसे लोकप्रिय जन-सहयोग प्लेटफॉर्म | • यदि आप अपने लक्ष्य तक पहुँच जाते हैं, तभी फंड को एक्सेस कर सकते हैं<br>• 5% प्लेटफ़ॉर्म शुल्क<br>• भुगतान लेनदेन शुल्क (3%-5%) |
| GoFundMe<br>www.gofundme.com | • 0% प्लेटफ़ॉर्म शुल्क<br>• आप प्रत्येक दान को अपने पास रख सकते हैं चाहे आप अपना लक्ष्य पूरा करते हैं या नहीं<br>• 24/7 विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध | • क्रेडिट और डेबिट कार्ड लेनदेन शुल्क |
| Indiegogo<br>www.indiegogo.com | • किसी निश्चित अनुदान लक्ष्य (सभी लक्ष्य या कोई लक्ष्य नहीं) या लचीले अनुदान (आपको फंड मिला, बेशक आपने अपना लक्ष्य पूरा किया या नहीं)<br>• Indiegogo InDemand आपके धन जुटाने वाले अभियान के समाप्त होने के बाद धन जुटाते रहने की अनुमति देता है | • 5% प्लेटफ़ॉर्म शुल्क लेता है<br>• तृतीय-पक्ष भुगतान प्रसंस्करण शुल्क |

## अनुदान

अनुदान एक प्रकार की वित्तपोषण है जो किसी व्यवसाय को विशिष्ट उद्देश्य से दी जाती है। फंड सरकारी एजेंसी, बैंक/क्रेडिट यूनियन, या गैर-लाभकारी संगठन जैसे सार्वजनिक संस्थानों से आ सकते हैं।

जब आप ऋण लेते हैं तब उधारदाता चाहते हैं कि आप ऋण चुकाने की अपनी क्षमता दिखाएं लेकिन अनुदान देने वाली एजेंसी चाहती है कि आपका व्यवसाय अपने मिशन या विशिष्ट पहल के अनुरूप हो। ऋण के विपरीत, अनुदान के लिए किसी पुनर्भुगतान की जरूरत नहीं पड़ती है और ये आम तौर पर व्यावसायिक फैसलों को प्रभावित नहीं करते हैं।

अनुदान का एक और लाभ यह है कि इन्हें पाने के योग्य बनने के लिए आम तौर पर किसी क्रेडिट मानक की जरूरत नहीं पड़ती है। हालांकि, अनुदानों पर अधिक सख्त योग्यता प्रतिबन्ध लगे होते हैं जिन्हें पूरा करना कठिन हो सकता है, इनके कुछ कर निहितार्थ होते हैं, और अनुदान का उपयोग कैसे किया जाता है उससे संबंधी आवश्यकताएं भी पूरी करनी होती हैं। चूंकि अधिकांश अनुदान इस आधार पर दिए जाते हैं कि व्यवसाय को वित्तपोषक के लक्ष्य या पहल के साथ कितनी अच्छी तरह संरेखित किया गया है, इसलिए अनुदान सम्बन्धी आवेदन बहुत प्रतिस्पर्धी होते हैं और इनकी सफलता की दरें कम होती हैं।



## ऋण

जब अपने व्यवसाय की स्वतः वित्तपोषण करने का विकल्प न हो तब **ऋण** लेना ही पड़ता है। व्यवसाय ऋण आपको नकदी प्रवाह को बढ़ाने, महंगे उपकरण को खरीदने, और आपके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करते हैं।

पारंपरिक व्यवसाय ऋण के विपरीत, लघु व्यवसाय ऋण अक्सर कम ब्याज दरों पर मिलती हैं, अग्रिम भुगतान की शर्तें लचीली होती हैं, और ऋण आवेदन अधिक आसान होते हैं।

### ऋण लेने का फैसला करते समय ध्यान देने लायक बातें:

- फंड का उपयोग
    - ऋणदाता स्पष्ट रूप से यह जानना चाहते हैं कि आप फंड का उपयोग कैसे करेंगे, इसलिए स्पष्ट और सटीक रूप से यह जान लें कि आपको ऋण की जरूरत क्यों है

- भुगतान राशि
    - क्या आप लिए जा रहे अपने ऋण की मासिक पुनर्भुगतान की राशि चुका सकते हैं?
    - क्या आप सिर्फ ब्याज का भुगतान कर पाएंगे?
    - क्या आप जरूरत पड़ने पर ऋण पुनर्भुगतान को टाल सकते हैं?

- लागत
    - क्या आप ब्याज का खर्च उठा सकते हैं?
    - क्या ऋण का जल्दी भुगतान करने पर कोई शुल्क लगता है?

- सही समय
    - ऋण के लिए आवेदन करने का सबसे अच्छा समय तब होता है जब आपको पैसों की जरूरत नहीं होती है। ऋण आवेदन प्रक्रिया लम्बी होती है, इसलिए अपनी जरूरतों के बारे में पहले से मालूम होना जरूरी है।



| ऋण के लिए आवेदन करने के चरण | |
|---|---|
| **अपने ऋणदाताओं से पूछताछ करें** | • सबसे पहले, स्थानीय बैंकों या क्रेडिट यूनियनों से पूछें जिनके साथ आपका मौजूदा बैंकिंग सम्बन्ध है। यदि बैंक कोई विकल्प नहीं है तो शहर और राज्य प्रायोजित ऋण और सामुदायिक विकास वित्तीय संस्थान अच्छे वैकल्पिक ऋणदाता होते हैं। |
| **ऋण अनुरोध राशि निर्धारित करें** | • निर्धारित करें कि आपको अपने खर्च को पूरा करने के लिए कितने पैसे की जरूरत है<br>• निर्धारित करें कि आपकी लागत एकबारगी है या आवर्ती |
| **ऋणदाता की आवश्यकता पर विचार करें** | • मालूम करें कि अपने आवेदन के लिए आपको किन दस्तावेजों को प्रस्तुत करना पड़ेगा |
| **उद्देश्य निर्धारित करें (आप उन पैसों का उपयोग कैसे करेंगे)** | • उदाहरण के लिए:<br>  ◦ नया उपकरण या आपूर्तियाँ खरीदने के लिए<br>  ◦ भवन/स्टोरफ्रंट खरीदने या किराए पर लेने के लिए<br>  ◦ कर्मचारियों का भुगतान करने के लिए |
| **अपनी ऋण पुनर्भुगतान राशि की गणना करें** | • ऋण के लिए सहमत होने से पहले सुनिश्चित करें कि आप मासिक भुगतान करने में सक्षम हैं<br>• निर्धारित करें कि आप ऋण कैसे चुकाएंगे और आप दीर्घकालिक पुनर्भुगतान समय-सीमा चाहते हैं या अल्पकालिक<br>• पुष्टि करें कि क्या आप हर महीने दी जाने वाली धनराशि को समायोजित कर सकते हैं या क्या वह हर बार एक जैसा रहेगा |

# लघु व्यवसाय ऋण आवेदन की सामान्य जांच सूची

ऋण हेतु आवेदन करने के लिए तैयार होने के बाद, आपको अपने ऋण आवेदन के लिए वित्तीय और व्यावसायिक दस्तावेज तैयार करने पड़ेंगे।

**वित्तीय दस्तावेज**

आपको अपने सबसे हालिया के दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी जैसे:

- व्यक्तिगत और व्यावसायिक कर रिटर्न
- वित्तीय विवरणों में शामिल हैं
  - लाभ और हानि का विवरण, बैलेंस शीट, और नकदी प्रवाह का विवरण
- व्यक्तिगत विवरणों में शामिल हैं
  - सामाजिक सुरक्षा नंबर या ITIN नंबर, आय, क्रेडिट विवरण, लेनदेन विवरण, और भुगतान और चेकिंग खाते की जानकारी

**व्यावसायिक दस्तावेज**

- व्यावसायिक संरचना और कानूनी दस्तावेज
  - निगमन के लेख
  - व्यावसायिक पंजीकरण और लाइसेंस
  - उपनियम और संचालन प्रक्रियाएं
  - आपके व्यावसायिक पट्टे की प्रति यदि आप किसी स्थान को किराए पर दे रहे हैं या किसी उपकरण को पट्टे पर दे रहे हैं जो आपके व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण है
- व्यावसायिक योजना
  - यह आपके लिए ऋणदाताओं को बताने का अवसर है कि आपका व्यवसाय निवेश के योग्य है। इसमें आपके वित्तीय पूर्वानुमान, मिशन विवरण, और रणनीति शामिल होंगे।

**ऋण संबंधित आवेदनों हेतु आवश्यक वित्तीय और व्यावसायिक दस्तावेजों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया निम्न वेबसाइट पर जाएं: https://www.sba.gov/funding-programs/loans/7a-loans**

## NYS सामुदायिक विकास वित्तीय संस्थान (CDFI)

सामुदायिक विकास वित्तीय संस्थान (Community Development Financial Institutions) कम ब्याज वाले ऋण, अनुदान के अवसरों, और वित्तीय सेवाओं जैसे एक-के बाद-एक कोचिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अप्रवासी, महिला-स्वामित्व वाले, और कम-आय वाले समुदायों की मदद करते हैं।

CDFI एक महान संसाधन हैं जो सिर्फ वित्तपोषण को एक्सेस करने में ही नहीं, बल्कि आपके लघु व्यवसाय को शुरू करने, धन जुटाने, और बढ़ाने से संबंधित मूल्यवान ज्ञान बढ़ाने में भी मदद करते हैं। नीचे NYS आधारित CDFI दिए गए हैं जो आपकी व्यावसायिक यात्रा के दौरान आपकी मदद कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| **Accompany Capital**<br>Accompanycapital.org | **BOC Capital**<br>Boccapital.org |
| **Renaissance Economic Development Corporation**<br>renaissance-ny.org | **Pursuit**<br>https://pursuitlending.com/ |
| **TruFund Financial Services**<br>https://www.trufund.org/ | **आप निम्न वेबसाइट पर जाकर न्यूयॉर्क राज्य के अतिरिक्त CDFI की सूची देख सकते हैं:**<br>https://www.nyscdfi.org/nyscdfis |